बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन संख्या – 90/2014 के अन्तर्गत बिहार कृषि सेवा कोटि–7 के सहायक निदेशक (उद्यान) के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का अतिरिक्त परीक्षाफल

विज्ञापन संख्या – 90/2014 के अन्तर्गत बिहार कृषि सेवा कोटि–7 के सहायक निदेशक (उद्यान) के 36 पदों पर नियुक्ति के अन्तर्गत लिखित परीक्षा के आधार पर कुल 81 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया था जिनका साक्षात्कार दिनांक 24.04.2019 से 27.04.2019 तक सम्पन्न हुआ। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर उक्त विज्ञापन का अन्तिम परीक्षाफल दिनांक 11.05.2019 को प्रकाशित किया गया था एवं तदनुसार कृषि विभाग, बिहार को अनुशंसा भी प्रेषित की जा चुकी है।

अनुशंसा भेजे जाने के बाद विभाग द्वारा आयोग को सूचित किया गया कि वर्ष 2014 में विभाग द्वारा आयोग को उपलब्ध कराई गई अधियाचना में भूलवश अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि की 06 रिक्तियाँ, पिछड़ा वर्ग कोटि की रिक्तियों के रूप में टंकित हो गई। आयोग द्वारा तदनुसार ही विज्ञापन प्रकाशित करते हुए पिछड़ा वर्ग कोटि की कुल 10 रिक्तियों एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि की 01 रिक्ति के अनुसार चयन की कार्रवाई पूरी कर अनुशंसा विभाग को भेजी गई थी।

अधियाचित रिक्तियों में संशोधन के फलस्वरूप वर्तमान में अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के अन्तर्गत कुल 07 रिक्तियाँ (01 रिक्ति बैकलॉग के रूप में) तथा पिछड़ा वर्ग कोटि के अन्तर्गत कुल 04 रिक्तियाँ हैं जिसके अनुसार नियुक्ति की कार्रवाई की जानी है। पूर्व में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए उपलब्ध 01 रिक्ति के विरूद्ध कुल 03 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के आधार पर सफल घोषित करते हुए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया था। कुल 07 रिक्तियों के आलोक में साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये जानेवाले अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के उम्मीदवारों की कुल संख्या 18 होती है जिसमें से 03 उम्मीदवार पूर्व में साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये जा चुके हैं। अतः 15 अतिरिक्त उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाना अपेक्षित है, परन्तु लिखित परीक्षा के आधार पर तैयार की गयी मेधा सूची में शामिल उम्मीदवारों में उक्त कोटि के 10 उम्मीदवार ही उपलब्ध हैं जो पूर्व लिखित परीक्षा के परीक्षाफल में सफल घोषित नहीं किये जा सके थे।

तदालोक में आयोग अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के निम्नांकित 10 उम्मीदवारों को सफल घोषित करते हुए उनका अनुक्रमांक (Enrollment Number), क्रमवार, नीचे बायें से दायें, प्रकाशित करता है:

900027 900039 900232 900441 900630 900666 900704 900710 900900 901021

उपर्युक्त सफल घोषित उम्मीदवारों का साक्षात्कार शनिवार, दिनांक 14.12.2019 को आयोजित किया जायेगा। विस्तृत साक्षात्कार कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट <u>www.bpsc.bih.nic.in</u> पर शीघ्र प्रकाशित किया जायेगा।

27.11.19

तिथि: 27 नवम्बर, 2019

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना